बरेली, शनिवार
16 मई, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16-4-22

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO.- 07 : MIDDLE

SRMS अकादमी ने जीता मैच

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (15 May): एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संदीप क्रिकेट अकादमी लखनऊ को सात विकेट से हराकर जीत दर्ज की. मैच में एसआरएमएस के गेंदबाजों और बल्लेबाजों ने संतुलित प्रदर्शन करते हुए टीम को आसान जीत दिलाई. पहले बल्लेबाजी करते हुए संदीप क्रिकेट अकादमी की पूरी टीम 13.5 ओवर में मात्र 53 रन पर सिमट गई. टीम के बल्लेबाज एसआरएमएस के गेंदबाजों के सामने ज्यादा देर टिक नहीं सके. शुरुआत से ही गेंदबाजों ने दबाव बनाए रखा, जिसके चलते विपक्षी टीम लगातार विकेट गंवाती रही. एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी की ओर से अमन बघेल ने घातक गेंदबाजी करते हुए तीन ओवर में 15 रन देकर तीन महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए. उनकी सटीक लाइन और लेंथ के सामने बल्लेबाज खुलकर शाट नहीं खेल सके. शानदार प्रदर्शन के लिए अमन बघेल को प्लेयर आफ द मैच चुना गया.54 रन के आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी की टीम ने संयमित शुरुआत की. बल्लेबाजों ने आक्रामक अंदाज में रन बनाए.